# स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता रैली

दिनांक 13 सितंबर, 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर जी ने की। यह रैली रामराय गांव में निकाली गई। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति ने ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि देश का कोना-कोना साफ सुथरा हो और लोगों की मानसिकता में बदलाव लाकर ही स्वच्छता के उद्देश्य को पूरा किया जा सकता है। स्वच्छता स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि स्वच्छता ही स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का एक अनिवार्य भाग है। इस रैली में 100 छात्राओं ने शिरकत की। इस रैली के माध्यम से छात्राओं ने समाज के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की भरपूर कोशिश की। इस रैली में समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति, राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा श्रीमती नीलम व गणित विभाग से श्रीमती अंजू मौजूद रही।






## छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

जींद, विज्ञप्ति : हिंदू कन्या महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान के तहत एक जागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। यह रैली रामराय गांव में निकाली गई।

समाज शास्त्र विभाग की अध्यक्षा ज्योति ने ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि देश का कोना-कोना साफ-सुथरा हो और लोगों की मानसिकता में बदलाव लाकर ही स्वच्छता के उद्देश्य को पूरा किया जा सकता है। स्वच्छता बहुत ज्यादा जरूरी है, स्वच्छता ही स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का एक अनिवार्य भाग है। रैली में 100 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नीलम व अंजू भी उपस्थित रहे।

रामराय गांव में जागरुकता निकालने पहुंची हिंदू कन्या कालेज की छात्राएं। • विज्ञप्ति